दैनिक

# क्यूँ न लिखूँ सच

प्रातः कालीन

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र



मुरादाबाद से प्रकाशित

Title Code UPBIL 05086

वर्ष :- 01 अंक :- 294 मुरादाबाद 20 February 2022 (Sunday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## अयोध्या में भाजपा के प्रत्याशी के वाहन के काफिले पर फायरिंग के मामले में सपा प्रत्याशी अभय सिंह गिरफ्तार, संवेदनशील क्षेत्र में मतदान के पहले ही हिंसा

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के चौथे चरण के मतदान वाले क्षेत्र अयोध्या के गोसाईगंज दबंगों के आमने-समाने आने के बाद से झड़प तथा फायरिंग भी होने लगी। गोसाईगंज में शुक्रवार देर रात समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अभय सिंह तथा भाजपा प्रत्याशी आरती तिवारी के समर्थकों के बीच फायरिंग के मामले में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अभय सिंह को पुलिस ने सुबह उसके आवास से गिरफ्तार कर लिया है महाराजगंज पुलिस ने गोसाईगंज से सपा प्रत्याशी व पूर्व विधायक अभय सिंह को उनके आवास राजेपुर से गिरफ्तार किया। अभय सिंह के चार समर्थक को भी गिरफ्तार किया है। पूर्व विधायक अभय सिंह की दंबगई इस क्षेत्र में काफी लम्बे समय से कायम है। अयोध्या के गोसाईगंज में कल देर रात समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी व पूर्व विधायक अभय सिंह के समर्थक तथा भाजपा प्रत्याशी आरती तिवारी के समर्थकों के बीच झड़प तथा फायरिंग के मामले में पुलिस ने शनिवार को सुबह गोसाईगंज से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी व पूर्व विधायक अभय सिंह के साथ पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। अयोध्या के सबसे संवेदनशील माने जाने वाले गोसाईगंज विधानसभा में शुक्रवार रात दो




बाहुबलियों के बीच राजनीतिक वर्चस्व को लेकर ऐसी भिड़ंत हुई कि पथराव के बाद फायरिंग भी होने लगी। इस दौरान कई वाहनों को भी क्षति पहुंचाई गई तो थाने में भी पथराव हुआ। अभय सिंह और उनके सहयोगियों पर भाजपा प्रत्याशी आरती तिवारी के समर्थकों के वाहन के काफिले पर फायरिंग का आरोप है। कल देर रात कबीरपुर चौराहे पर भाजपा प्रत्याशी के समर्थकों ने सपा समर्थकों पर हमले का आरोप लगाया था। इसके बाद सपा प्रत्याशी अभय सिंह के समर्थकों ने महराजगंज थाने में पथराव किया था। इस पथराव का वीडियो सामने आने के बाद आज सुबह पुलिस ने अभय सिंह को समर्थकों के साथ गिरफ्तार किया है। इस मामले में एसएसपी शैलेश पांडे ने बताया कि दोनों ही पार्टी के प्रत्याशियों ने एक दूसरे पर पथराव और फायरिंग का आरोप लगाया है। किसी भी व्यक्ति के घायल होने की कोई सूचना नहीं है।

## घटते कोरोना के बीच यूपी में नाइट कर्फ्यू खत्म, पूरी क्षमता के साथ खुलेंगे स्कूल-कॉलेज

कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए रात्रि 11 बजे से सुबह छह बजे तक के लिए लागू कर्फ्यू को समाप्त कर दिया गया है। कोरोना संक्रमण की दरों में प्रभावी कमी को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। इससे संबंधित आदेश शनिवार ( 19 फरवरी ) से ही प्रभावी हो गया है। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने शनिवार को आदेश जारी किया। इससे पहले 13 फरवरी को जारी आदेश से शासन ने रात्रिकालीन कर्फ्यू के समय में परिवर्तन किया था। इस आदेश से मौजूदा समय में रात्रि 11 बजे से सुबह पांच बजे तक के लिए कोरोना कर्फ्यू लागू था, जबकि पूर्व में यह समय सीमा रात्रि 10 बजे से सुबह छह बजे तक थी। चुनाव प्रचार का समय रात्रि 10 बजे तक बढ़ाए जाने के बाद शासन ने रात्रिकालीन कर्फ्यू का समय रात्रि 11 बजे से कर दिया था। ताजा आदेश से कर्फ्यू पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है। अब केवल कोरोना से बचाव के लिए जारी सामान्य गाइड लाइन का पालन करना होगा। इसके तहत सार्वजनिक स्थानों पर मास्क पहनना होगा। इसी तरह संस्थानों में कोविड हेल्प डेस्क बनाए रखना होगा। स्कूल-कॉलेज एवं अन्य सभी तरह के संस्थान अब पहले की तरह पूरी क्षमता के साथ संचालित हो रहे हैं।

## योगी बोले, सरकार बनने पर नहीं थमेगा सिलसिला, बुलडोजर सड़कें भी बनाएगा और माफियाओं के किलों को ढहाएगा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को पीलीभीत के बीसलपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा 2017 से पहले यूपी में लोगों की जाति-पात देखकर विकास होते थे। बिजली जात बिरादरी देखकर मिलती थी। होली दिवाली पर अंधेरा रहता था, लेकिन अब ऐसा नहीं है। योगी ने कहा कि पिछली सपा सरकार सत्ता में आते ही आतंकियों पर दर्ज मुकदमों को वापस लेने का कुत्सित प्रयास करने लगी। एक आतंकवादी का पिता तो समाजवादी पार्टी का प्रचार करता घूम रहा है। उन्होंने कहाकि 2017 से पहले प्रदेश में अराजकता लूट खसोट दंगा होता था, लेकिन अब ऐसा नहीं है। भाजपा की सरकार आने के बाद जो बुलडोजर सड़कें बनाने का काम करते थे, हमारी सरकार में वही बुलडोजर भू माफियाओं के अवैध कब्जों पर चल रहे हैं और चलते रहेंगे। कहा कि जब से हमारी सरकार बनी है तब से प्रदेश में दंगे नहीं होते पहले हर रोज दंगे होते थे। आज व्यापारी सुरक्षित है। डबल इंजन की सरकार प्रदेश की 25 करोड़ जनता को अपना परिवार मानकर भेदभाव रहित विकास कर रही हैं। प्रदेश के 86 लाख किसानों को 36 हजार करोड़ रुपए किसान सम्मान निधि के साथ ही बेटियों की



सुरक्षा, फ्री वैक्सीन, शौचालय, मकान हमने दिया। बोले- पिछली सरकारें भी यह सब कर सकती थी, लेकिन कुछ ने अपने परिवारवाद और इत्र वाले मित्रों का भला किया, इसीलिए आज जो हो पाया वह पहले नहीं हो सका। 35 मिनट तक अपने भाषणों से योगी ने जनता से सीधे सवाल और जवाब किए। भाषण की शुरुआत में उन्होंने पीलीभीत की धरा को नमन करते हुए गोमती का जिक्र किया। योगी ने कहा कि यहां के लोगों ने जिस तरह गोमती को निर्मल बनाने के लिए जो प्रयास किये वह स्वागत योग्य है। आज गोमती की अविरल धारा पीलीभीत से निकलकर सीतापुर लखनऊ होती हुई वाराणसी तक मां गंगा की गोद में समाहित हो रही है। पहले कावड़ यात्रा पर बमबारी होती थी, आज उन पर फूल बरस रहे हैं। यह सब डबल इंजन की भाजपा सरकार ही कर सकती है। पील करते हुए योगी अपनी अगली सभा के लिए सीतापुर रवाना हो गए। भारत माता की जय, अबकी बार तीन सौ पार का नारा भी दिया।

## क्लास में हिजाब पहनने की जिद पर अड़ी थी मुस्लिम छात्राएं, स्कूल ने 58 को कर दिया निलंबित

कर्नाटक में हिजाब विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। शिवमोग्गा जिले में हिजाब पर प्रतिबंध के खिलाफ शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन करने के बाद कर्नाटक के एक स्कूल के 58 छात्राओं को निलंबित कर दिया गया है। छात्राओं की मांग थी कि कक्षा के अंदर हिजाब पहनने की अनुमति दी जाए। उन्होंने कहा, "हिजाब हमारा अधिकार है, हम मर जाएंगे लेकिन हिजाब नहीं छोड़ेंगे।" जब तक निलंबन वापस नहीं लिया जाता, छात्राओं को स्कूल परिसर में प्रवेश करने की अनुमति नहीं है। इस बीच, अन्य प्रदर्शनकारियों पर भी निषेधाज्ञा का उल्लंघन करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। आपको बता दें कि पिछले तीन दिनों से पुलिस व



तहसीलदार छात्रों को नियमों की जानकारी दे रहे हैं. रुवार को शिवमोग्गा जिला प्राधिकरण द्वारा जारी निषेधाज्ञा का उल्लंघन करने पर नौ लोगों के खिलाफ सीआरपीसी की धारा 144 के तहत मामला दर्ज किया गया था। मुस्लिम लड़कियों ने कैंपस में बुर्का नहीं पहनने देने के लिए जिला मुख्यालय कस्बे में पीयू कॉलेज के अधिकारियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया था।

### हिजाब पहनने से इनकार करने पर गेस्ट लेक्चरर ने दिया इस्तीफा

तुमकुरु में एक निजी प्री-यूनिवर्सिटी कॉलेज में एक गेस्ट लेक्चरर ने कथित तौर पर हिजाब नहीं पहनने या कोई धार्मिक प्रतीक प्रदर्शित नहीं करने देने के लिए कहने के बाद इस्तीफा दे दिया। हालांकि कॉलेज प्रबंधन ने इस आरोप का खंडन करते हुए कहा कि ऐसा कोई मामला नहीं है। पिछले तीन वर्षों से अंग्रेजी पढ़ाने वाली चांदिनी ने कहा कि प्रिंसिपल ने उन्हें बुलाया और कहा कि उन्हें आदेश मिला है कि कोई भी हिजाब पहनकर क्लास नहीं करेगा।

### हिजाब इस्लाम की आवश्यक धार्मिक प्रथा नहीं: कर्नाटक सरकार

कर्नाटक सरकार ने उच्च न्यायालय को बताया कि हिजाब इस्लाम की एक आवश्यक धार्मिक प्रथा नहीं है और इसके उपयोग को रोकना भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25 का उल्लंघन नहीं है। एडवोकेट नवदगी ने कहा, "मेरा पहला निवेदन यह है कि आदेश शिक्षा अधिनियम के अनुरूप है। दूसरा यह कि हिजाब पहनना इस्लाम के आवश्यक धार्मिक प्रथा के अंतर्गत नहीं आता है। इस्लाम।" आपको बता दें कि कर्नाटक में शैक्षणिक संस्थान, विशेष रूप से स्कूल और कॉलेजों में हिजाब को लेकर तनावपूर्ण स्थिति देखी जा सकती है। यह विवाद उडुपी के एक सरकारी कॉलेज से शुरू हुआ था। मुस्लिम लड़कियों ने जोर देकर कहा कि उन्हें हिजाब पहनने की अनुमति दी जानी चाहिए क्योंकि यह उनका धार्मिक अधिकार था।

आवश्यकता है उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991, में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

## ग्रह मंत्री भारत सरकार अमित शाह जी का बांदा जनपद की तिंदवारी विधान सभा के मतोंध में हुआ आगमन

अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



बांदा- भा जा पा सरकार के ग्रह मंत्री अमित शाह जी उड़न खटोला से बांदा जनपद के तिंदवारी विधान सभा क्षेत्र के मतोंध में पहुंच कर भारी जन सभा को संबोधित किया। आज अपने संबोधन के दौरान ग्रह मंत्री अमित शाह ने भा जा पा सरकार में किए गए कार्यों की उपलब्धियों को गिनाते हुए विरोधियों पर निशाना साधा। आज अमित शाह को सुनने दूर दराज से आई जनता ने बड़े उत्साह से दोनो हाथ उठा कर बड़े ही गर्म जोशी से स्वागत करने के साथ ही पिछली बार की तरह इस बार भी पूरे बुंदेलखंड में भा जा पा के ही प्रत्यासियो की जीत दिलाने का वादा किया।

## डीटीएम के सवालों पर बगलें झांकने लगे रेलवे कर्मचारी

शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ़ - डीटीएम टूंडला ( डिवीजनल ट्रेफिक मैनेजर ) जे. संजय कुमार ने रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्?टेशन पर मिली खामियों को दूर करने के निर्देश दिए। डीटीएम ने पार्सल एरिया का हाल देखा और खराब कॉंच बदलवाने के लिए कहा। सीएमआइ चैंबर को सही कराने के निर्देश दिए। इसके बाद टीईटी के साथ सेमिनार की। इसमें टीईटी और कंट्रोल रूम के आपरेटरों से डीटीएम ने कुछ सवाल किए। इस पर वह उलझ गए। हालांकि डीटीएम ने उन्हें अच्छे से ड्यूटी करने के टिप्स दिए। तकनीकी रूप से भी दक्ष रहने पर जोर दिया। इस दौरान स्टेशन मास्टर डीके गौतम, सीएमआइ संजय शुक्ला भी मौजूद थे।

## ओवैसी ने मोदी योगी पे साधा निशाना



अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बांदा- बांदा में जन अधिकार पार्टी वा भागीदारी परिवर्तन मोर्चा के तत्वाधान में एक जन सभा को संबोधित करते हैं ओवैसी ने आज मोदी योगी पे जमकर निशाना साधते हुए अपने आप को मुस्लिम समाज का सच्चा हमदर्द बताने का प्रयास करते हुए । अपने गठबंधन के प्रत्यासी हनुमान दास राजपूत को भारी मतों से विजई दिलाने की अपील भी की गई।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## उत्तर प्रदेश शासन के सचिव ने किया गौशाला का निरीक्षण

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- विकासखंड जमुनहा के ग्राम पंचायत बहोरवा में बने अस्थाई गौशाला का निरीक्षण सचिव उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ द्वारा किया गया इस मौके पर खंड विकास अधिकारी जमुनहा गौरव पुरोहित एडीओ पंचायत पन्नालाल सहकारिता ग्राम पंचायत के प्रधान व अन्य लोग मौजूद रहे निरीक्षण के दौरान अस्थाई गौशाला का निरीक्षण किया और सचिव ने कहा कि जानवरों के खानपान पर विशेष ध्यान दिया जाए और इधर-उधर न जाने दिया जाए जो गांव पंचायत में सरकार द्वारा गौशाला बनाया गया है उसी में गांवों को रखा जाए जबकि गांव के कुछ लोगों ने बताया कि यहां अस्थाई गौशाला रानी सिर में बना हुआ है जहां पर जानवरों को बराबर रखा जाता है लेकिन सचिव ने रानीसीर गौशाला का निरीक्षण भी किया गौशाला बहोरवा ग्राम पंचायत में बने अस्थाई गौशाला का निरीक्षण किया।

WWW.KNSLLIVE.COM

# पीठासीन अधिकारी/मतदान अधिकारियों का तीसरे दिन प्रशिक्षण हुआ सम्पन्न

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 को सकुशल, निर्विघ्न, निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक सामान्य विधानसभा क्षेत्र 289-भिनगा डा0 पी0 भास्कर, आई0ए0एस0 एवं मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी कार्मिक ईशान प्रताप सिंह की अध्यक्षता में मतदान कार्मिक के रूप में ड्यूटी पर तैनात किये गये पीठासीन अधिकारी/मतदान अधिकारी प्रथम, मतदान अधिकारी द्वितीय एवं मतदान अधिकारी तृतीय का ई0वी0एम0/वी0वी0पैट का द्वितीय प्रशिक्षण तीसरे दिन कलेक्ट्रेट स्थित तथागत हाल में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण क्रमशः दो पालियों में प्रातः 10.00 बजे से अपरान्ह 12.00 बजे तक प्रथम पाली एवं अपरान्ह 12.30 बजे से अपरान्ह 02.30 बजे तक द्वितीय पाली में मतदान कार्मिकों को दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रेक्षक ने प्रशिक्षण में आये समस्त कार्मिकों को प्रशिक्षण से सम्बन्धित जानकारी दी। उन्होने बताया कि पोलिंग से 90 मिनट पहले माकपोल शुरू होगा। यदि कोई एजेण्ट नहीं आता है तो 15 मिनट इन्तजार किया जायेगा। माकपोल में कम से कम 50 माकपोल एजेण्ट के माध्यम से कराया जाय। माकपोल के दौरान हर पार्टी को वोट डाला जाय जिसमें नोटा भी सम्मिलित रहेगा। माकपोल के पश्चात क्लोज बटन दबाया जाय उसके बाद रिजल्ट बटन दबाकर प्रत्येक प्रत्याशी को दिये गये वोटो को नोट किया जाय। नोट किये गये वोटो के पश्चात क्लियर बटन दबाकर मशीन से वोटों को हटा दिया जाय, तत्पश्चात् वी0वी0पैट से निकली हुई पर्ची का मिलान सी0यू0 से निकले रिजल्ट से किया जाय। इन पर्चियों के पीछे माकपोल की मुहर लगाकर काले लिफाफे में सील किया जाय तत्पश्चात प्लास्टिक के डिब्बे में रखकर पिंक सील से सील किया जाय। इसके बाद माकपोल का प्रमाण पत्र एजेण्ट की उपस्थित में भर दिया जाय। उन्होने यह भी बताया कि सीलिंग करने हेतु सबसे पहले ग्रीन पेपरशील के माध्यम से रिजल्ट सेक्शन को सील किया जाय। उन्होने यह भी बताया कि प्रशिक्षण के दौरान 06 कार्मिकों के नदारद पाये गये। जिसमें पार्टी संख्या-786 से शिवानी गोयल, पार्टी संख्या-784 से सुनीता शुक्ला, पार्टी संख्या-870 से अनुजा परासर, पार्टी संख्या-857 से काशी राम, पार्टी संख्या-952 से हरीश कुमार सिंह एवं पार्टी संख्या-975 से किस्मत अली के विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत सुसंगत धाराओं में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी जा रही है। उन्होने कहा कि विधानसभा सामान्य निर्वाचन के दौरान जो भी अधिकारी/कर्मचारी अपने दायित्वों के निर्वहन में शिथिलता बरतते पाये जायेंगे, तो उनके विरूद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान उप निदेशक कृषि कमल कटियार, जिला विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी, जिला बचत अधिकारी रामप्रसाद, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रभुराम चौहान, सहायक निदेशक मत्स्य सुरेश कुमार सहित अन्य मास्टर ट्रेनर एवं प्रशिक्षण हेतु नामित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## प्रभारी/सहायक प्रभारी द्वारा जनपद में विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम चलाये

अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बांदा- विधान सभा सामान्य निर्वाचन-2022 में 75 प्रतिशत प्लस मतदान कराये जाने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी व स्वीप के प्रभारी/सहायक प्रभारी द्वारा जनपद में विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम चलाये जा रहे है जिसकी अगली कडी में दिनांक 18 फरवरी, 2022 को रात्रि 12.00 बजे से 03.00 बजे के बीच जनपद के 17 मण्डपों में सम्पन्न होने वाली शादियों की दुल्हा-दुल्हन से सम्पर्क कर उनसे 23 फरवरी, 2022 को होने वाले मतदान में 75 प्रतिशत से अधिक मतदान कराने हेतु अपील कराये जाने का कार्यक्रम सम्पादित कराया गया। इसके अन्तर्गत दुल्हा-दुल्हन सर्वश्री सचिन साहू-ऋचा साहू( होटल तुलसी स्वरूप ), प्रशान्त-तरूण ( शिव वाटिका मैरिज लान ), विकास शुक्ला-निशि ( पार्वती कुंज ) धीरज कुमार-नेहा, जितेन्द द्विवेदी-निशा ( उत्सव गार्डन ), मोनू-गायत्री एवं मुकुल-देविषा को उनसे व उनके परिजनों से अनुरोध कर उनकी सहमति से होटल सारंग, बांदा में एक साथ आमंत्रित किया गया। अपर जिलाधिकारी ( वि0/रा0 ) उमाकान्त त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी ( न्यायिक ) अमिताभ यादव, अपर जिलाधिकारी ( नमामि गंगे ) एम0पी0सिंह, नगर मजिस्ट्रेट केशवनाथ गुप्ता, उपजिलाधिकारी सदर सुधीर कुमार, मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्या, मुख्य कोषाधिकारी दिनेश बाबू, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रामपाल सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक विनोद सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी, उप निदेशक कृषि, जिला कृषि अधिकारी, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद बांदा सहित आदि अधिकारियों के साथ जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी बांदा श्री अनुराग पटेल उक्त सातों दुल्हा-दुल्हन को भेंट स्वरूप गुलाब के पौधे का गमला एवं व्यवहार देकर उन्हें शुभआशीष दिया गया तथा उनके सुखमय दाम्पत्य जीवन की कामना की गई। गुड्डो-प्रियंका को उनके मैरिज हॉल में जाकर जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी व उनकी टीम द्वारा भेंट स्वरूप गुलाब के पौधे का गमला एवं व्यवहार देते हुये दुल्हा-दुल्हन को दाम्पत्य जीवन को सुखमय, आनन्दमय एवं समृद्धमय होने की कामना की गई तथा इस चारों जोड़ों से 23 फरवरी, 2022 को स्वयं मतदान करने एवं अपने परिजनों, पड़ोसियों से भी मतदान कराने का संकल्प दिलाते हुये अपील कराई गई।

# आवारा कुत्तों के काटने की घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रही है

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- ठाकुरद्वारा नगर वह गांव में आवारा कुत्तों के काटने की वारदात घटने का नाम ही नहीं ले रही हैं आज दिन शनिवार 19 2022 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आवारा कुत्तों के काटने पर एंटी रैबिट लगवाने पहुंचे नगर वह गांव के लोग जहां ग्राम अब्दुल्लापुर अनीता को कुत्ते ने काटा शान अनस लूंगी खुर्द बंदर ने काटा वे नगर से लेकर गांव गांव में आवारा कुत्तों के काटने की रोज आवाज आती दिखाई दे रही हैं लंबे समय से नगर से लेकर गांव तक आए दिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर कुत्ते बंदर बिल्ली के काटने की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं नगर में कुत्तों से तंग आकर लोग मोहल्ले गली चौराहे पर निकलते हुए भी घबराते हैं कहीं भी आवारा कुत्तों का झुंड किसी पर भी हमलावर साबित हो जाता है उधर मोहल्ला माही गिरान के एक भाई से जब कुत्ते के काटने की बात हमारे संवाददाता ने की तब भाई ने नगर में आवारा कुत्तों के काटने की घटना है बढ़ते बढ़ते चरम सीमा पर चली गई हैं लेकिन इसकी और कोई पालिका की ओर से ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है एक बार नगर पालिका की ओर से कुत्ते पकड़ने का कार्य खानापूर्ति करते हुए नगर में दिखाई दिया था ऐसे ही कुत्ते पकड़ने की खानापूर्ति दिखला कर अब पालिका की ओर से कोई कुत्ते पकड़ने का कार्य अमल में नहीं लाया जा रहा है हर वक्त डर बना रहता है छोटे छोटे नन्हे मुन्ने बच्चे मोहल्ले भि मैं दुकान से चीज लाने तक को परेशान व घर वाले भी इस बात को लेकर परेशान रहते हैं कहीं कोई आवारा कुत्ता उनके बच्चे को झपट कर हमला कर घायल ना कर दे अब देखना यह होगा कुछ आवारा कुत्ते , पकड़ने का कार्य कब नगर पालिका द्वारा किया जाए गा इसका इंतजार है

# जाम ने उड़ाए होश लगा भीषण जाम जनता रोड से गुजरने तक को परेशान

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




मुरादाबाद- ठाकुरद्वारा नगर में तिकोनिया पार्क से लेकर कदीर तिराहे शनिवार का बाजार ढाल पर कमालपुर चौराहा रामपाल द्वार तक जाम ही जाम जाम से परेशान जनता घंटों जाम में फंसे ठाकुरद्वारा आए दिन जाम बड़े पैमाने पर लग जाता है इसका कारण ठाकुरद्वारा नगर चलचित्र ढाल पर शनिवार का बाजार लगता है जिसमें बड़ी तादाद में महिला व पुरुष कपड़ा खरीदारी चप्पल गर्म वस्त्र व अन्य खरीदारी करने को नगर वे दूरदराज गांव से लोग बाजार में खरीदारी करते दिखाई देते हैं शनिवार का बाजार चलचित्र ढाल पर हाईवे रोड सड़क किनारे लगता है जिस मैं हर वक्त यह डर बना रहता है वाहनों की बड़ी संख्या लंबी लंबी लाइन है भीड़ लग जाती है जिसमें ट्रैक्टर ट्रॉली ट्रक 10 टे रा वाहन डंपर आदि बड़े पैमाने से रोड से गुजरते नजर आते हैं जिसके कारण नगर से गुजरने वाले बाइक सवार साइकिल सवार पैदल चलने वाले अक्सर बड़े वाहन की झपट मैं आकर घटना दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं नगर में काफी समय तक डंपर के कारण अनेकों बार घटना से लेकर दुर्घटना मृत्यु तक दिखाई दी जाम को हटवाने मैं पुलिस प्रशासन लगातार संघर्ष करता नजर आता है लेकिन जाम हटने का नाम नहीं ले रहा है नगर कोतवाली निरीक्षक के देख ले मैं नगर के मुख्य मार्ग पर जगह जगह चौराहों पर शनिवार का बाजार तक गार्ड तैनात फिर भी जाम हटता दिखाई नहीं देता जैसा कि आम जनता से लेकर सामाजिक लोग दिन के समय डंपर ना चलने की मांग कर रहे हैं अब देखना यह होगा आला अफसरों से लेकर प्रशासनिक अधिकारी इस पर किस हद तक रॉक लगा पाते हैं

# नहर में जा गिरी कार जेसीबी की मदद से निकाला बाहर,ग़नीमत रही नही हुई कोई अप्रिय घटना



सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- ठाकुरद्वारा- दिल्ली से अपनी रिस्तेदारी में जा रहे कार सवार लोगो की कार थाना भगतपुर क्षेत्र के ग्राम डूंगरपुर चौराहे पर नहर की पुलिया के पास देर रात अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरी। इस दौरान कार में सवार महिला थी। अच्छा ये हुआ कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ,, काफी देर तक कार पानी में डूबी रही। अचानक ही राहगीर की नजर उधर गई तो देखा की नहर मे एक कार गिर गई। जानकारी के मुताबि?क, एक महिला दिल्ली से अपनी रिस्तेदारी डुगरपुर जा रही थी जैसे ही वह डूंगरपुर चौराहे पर पहुंची तभी अचानक कार नहर मे जा गिरी नहर मे ज्यादा पानी ना होने से कार सवार को कोई ज्यादा चोटें नहीं आई है,वहीं महिला के रिस्तेदारो ने जेसीवी बुलवाकर कार को निकलवाया,मौजूद व्यक्तियो ने बताया कि ऐसे हादसे इस चौराहे पर नहर की पुलिया की दीवारे ना होने आए दिन ऐसे हादसे होते रहते है,उनकी माँग है कि नहर की पुलिया की दीवारे बननी चहिए नहीं तो किसी दिन यहाँ पर एक बड़ा हादसा हो सकता जिसका जिम्मेदार शासन होगा,देखना होगा की क्या प्रशासन की और से कुछ होगा या कोई हादसे का ही इंतजार ही करना पड़ेगा

## ताजा अपडेट के लिए देखे

WWW.KNLSIVE.COM

# सड़क हादसे में युवती की मौत, छह माह के बेटे का बुरा हाल

मुरादाबाद- कांठ थाना क्षेत्र निवासी मानसिक रूप से अस्वस्थ युवती गुरुवार को सड़क हादसे में बुरी तरह से घायल हो गई थी। घायल अवस्था में परिजनों द्वारा उसे जिला अस्पताल लाया गया था। शुक्रवार को उसकी उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। थाना कांठ क्षेत्र के गढ़ी निवासी नूर जहां 32 पत्नी मुर्सलीन मानसिक रूप से ठीक नहीं थी। मुर्सलीन ने बताया कि नूर जहां की मानसिक स्थिति खराब होने के कारण अक्सर घर से चली जाती थी। गुरुवार रात नूर जहां बिना बताए घर से निकल गई। देर रात सूचना मिलने पर पता चला कि गांव के नजदीक धामपुर रोड पर अज्ञात वाहन ने नूरजहां को टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गई थी। मां की मौत के बाद से छह वर्षीय मोहम्मद सान का रो-रोकर बुरा हाल है।

# बस स्टेशन की कैंटीनों पर धड़ल्ले से बिक रहा अंडा और पान मसाला



मुरादाबाद-रोडवेज बस स्टेशन पर बनी कैंटीन में पान मसाला व अंडे की बिक्री पर रोक है, लेकिन कई कैंटीनों पर धड़ल्ले से पान मसला, गुटखा व अंडे की बिक्री हो रही है। मुख्यालय पर पहुंच रही शिकायतों पर एमडी ने सभी आरएम व एआरएम से संचालित कैंटीनों के फोटोग्राफ और रिपोर्ट भेजने को कहा है। अगर किसी कैंटीन पर शर्तों से इतर सामान की बिक्री होती मिली तो कैंटीन संचालक के संग डिपो एआरएम पर भी कार्रवाई होगी। मुरादाबाद रीजन के तमाम डिपो पर कैंटीन संचालित हो रही है। कैंटीन पर पान मसाला, सिगरेट, अंडे की बिक्री पर रोक है। बावजूद इसके रीजन के कई डिपो में अफसरों व स्टाफ की शहर पर प्रतिबंधित सामान खूब बिक रहे हैं। कुछ लोगों ने मुख्यालय इसकी शिकायत की। शिकायतों पर एमडी आरपी सिंह ने सभी डिपो एआरएम से अपने डिपो पर संचालित कैंटीन की प्रोडक्ट संग फोटो व रिपोर्ट ईमेल पर कल तक भेजने को कहा है। कमी पर पहली बार स्पष्टीकरण,इसके बाद नोटिस और तीसरा बार कमी पर डिपो एआरएम पर भी कार्रवाई हो सकती है। मुरादाबाद डिपो एआरएम सोमपाल सिंह ने कहा कि कैंटीन पर पान मसाला व अंडे की ब्रिकी प्रतिबंधित है, लेकिन अगर कोई चोरी छिपे बेच रहा है तो उसको बंद करवाया जाएगा।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेशद्ध से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक – नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# terrorists punished


Many a times, by the time the verdict comes, many memories fade away. On Friday, when a special court sentenced the convicts of the 2008 Ahmedabad bombings, people had to be reminded of the devastation that Gujarat city had witnessed that day. On the evening of July 26, one after the other, within 70 minutes there were 21 blasts in different parts of the city,In which 56 people lost their lives and more than 200 people were injured. However, the security agencies did not take much time to unearth the conspiracy and within a year the case was filed. Initially about 35 cases were filed against different people and later all these cases were clubbed. A total of 78 people were made accused and now that the verdict has come after 13 years of court proceedings,So out of these 38 people were given the death penalty and 11 people were sentenced to life imprisonment. It is also being told that in the entire history of India, so many people have never been sentenced to death at once. Considering the heinous as it was the conspiracy, this decision does not come as much of a surprise.Soon after the verdict, a picture came from Ahmedabad in which some people were holding placards in their hands. In one it is said, humanity won and terrorism is defeated, on the other it is written – justice to the families of the victims. Undoubtedly, the people have got justice. Such decisions also increase our faith in the system. But it should also be remembered that it took 13 years to reach this decision.That too when the matter was in a special court which was set up for speedy justice. And the decision which has been received even now is not final. There will be an appeal against this in the higher courts. By the time the final verdict comes, it will be too late. Of course, if we compare with the old times, now decisions in terrorism cases are relatively quick.

Despite the time it takes,Can't be satisfied about it. This period of 13 years is too long for not only terrorism, but also for any common civil or criminal case, and is not acceptable in any way. Whatever efforts have been made for speedy justice through special courts, some results have also been seen.But the problem is that our entire judicial process is so slow that even speedy courts cannot escape its tendencies. However, in this case, the route of video production of the accused lodged in various jails was adopted. Of course, this was done in view of the pandemic, but if it was not for this, then perhaps it would have taken more time. The good thing is that the court did not limit its decision only to punishment. He also pronounced a compensation of Rs 1 lakh to the next of kin of those killed in the blasts, Rs 50,000 to those seriously injured and Rs 25,000 to the rest of the injured. Now the need is that everything should be done at an accelerated pace ahead of this decision.

अन्य खबरों के लिए देखे.WWW.KNLSIVE.COM


# 'Sita' of 'Ramayana' showed a modern look in the gym, sweats fiercely for fitness





The country's most popular religious serial 'Ramayana' is still fresh in the minds of people. The audience has not been able to forget all the characters of the show till date. Everyone is convinced of the acting of Deepika Chikhaliya, who plays the role of Mata Sita. Deepika has also retained the love she has received for this character. Very active on social media, Deepika keeps her fans in touch with her life. Recently she shared how she keeps herself so fit.'Sita' mother of 'Ramayana' keeps herself quite fit at this stage of age. Deepika often shares pictures on her Instagram account. Sometimes she is seen sweating in the gym, sometimes practicing yoga. In her Insta story, Deepika Chikhaliya is seen doing pushups on the pole. Fans are getting quite impressed after seeing Deepika's so much attention on fitness.Recently, on the special occasion of Valentine's Day, Deepika shared her special picture with husband Hemant Topiwala. On the other hand, on Valentine's Day, Deepika's husband gave her a special gift, whose picture she shared with fans on social media. In this picture, Deepika was seen with her husband Hemant Topiwala.Also, through its photo, you can see what a special gift her husband gave her on Valentine's Day. In the photo you can see that her husband is seen giving flowers to Deepika. Deepika looked very happy after receiving a gift from her husband. During this, Deepika was wearing a sari and she was lovingly looking at her husband by placing her hand on his shoulder. At the same time, her husband Hemant is also watching her. During this, the fans liked the beautiful chemistry of both of them.

# Kangana Ranaut's tone on nepotism changed as soon as she joined Ekta Kapoor, said- 'Not against it'




Kangana Ranaut has been speaking openly about nepotism for a long time. From Karan Johar to Hrithik Roshan and other celebrities have come on his target. Kangana has been saying that these names promote nepotism in Bollywood and it is difficult for newcomers to find work in the industry. Even after the death of Sushant Singh Rajput, Kangana started a debate on nepotism that other actors were taken out of films.But now Kangana's tone seems to be completely changed. This change in her was seen at a time when she is soon going to host Ekta Kapoor's show 'Lock Up'.No problem on nepotism - Kangana posted a video on Instagram which was shared by her fan page. She is giving interview in the video and says, 'I never had a problem with nepotism. The problem I have with forming gangs for outsiders is because of nepotism. These two are different things. If you're doing your job, calmly, leisurely... then no problem... the problem is when they are outsiders and they should not be here because this is our father's grandfather's place. Ekta has never been a part of a bully gang.The show will start from February 27 - Many promos of Kangana's show 'Lock Up' have come out. After the promo of the show came out, it is being compared to 'Bigg Boss'. The show will stream on OTT platforms MX Player and Alt Balaji from February 27. Its producer is Ekta Kapoor. 1 hour episode will be shown. In the show, 16 controversial contestants will be locked in lock-up.

## 20 फरवरी को शत-प्रतिशत मतदान करने हेतु जनपद के समस्त मतदाताओं से की अपील



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने 20 फरवरी को लोकतंत्र के मतदान पर्व पर जनपदवासियों को बधाई देते हुए कहा कि सभी मतदाता जिम्मेदारी के साथ मतदान करें। लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी मतदाताओं द्वारा वोट किया जाए। वोट डालना प्रत्येक पात्र मतदाता की ज़िम्मेदारी है, गत चुनावों के सारे रिकार्ड इस बार टूट जाएं, हमें इस प्रकार से वोटिंग करनी है। इसके लिए सभी मतदाता काम-काज छोड़ कर घर से निकलें और सबसे पहले मतदान करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मा0 आयोग के निर्देशों के क्रम में तृतीय चरण में 20 फरवरी 2022 को प्रातः 7:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक मतदान होना तय है। उन्होंने कहा कि मतदाता मजबूत लोकतंत्र बनाने के लिए अपने-अपने घरों से निकलकर मतदान अवश्य करें। प्रत्येक मतदाता अपने मतदान के अधिकार पर गर्व करते हुए समय से अपने बूथ पर पहुंचे और स्वेच्छा से मतदान करें। उन्होंने एक बार पुनः मतदान की अपील करते हुए कहा कि आप सभी पात्र मतदाता 20 फरवरी को मतदान अवश्य करें।

## अग्नि शमन सुरक्षा सम्वंधी जानकारी देते हुए रिटायर्ड सी0 एफ0 ओ0 शिवदयाल शर्मा



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- हमारा पम्प क्यारा फिलिंग स्टेशन रायभा अछनेरा रोड थाना अछनेरा आगरा पर पैट्रोल पम्प के कर्मचारियो को अग्नि शमन सुरक्षा सम्वंधी जानकारी देते हुए रिटायर्ड सी0 एफ0 ओ0 शिवदयाल शर्मा जनपद आगरा । आगरा।आज दिनांक 19.02.22.को श्री शिवदयाल शर्मा रिटायर्ड सी0 एफ0 ओ0 ने हमारा पम्प क्यारा फिलिंग स्टेशन रायभा अछनेरा रोड थाना अछनेरा आगरा के पैट्रोल पम्प के कर्मचारियो को अग्नि शमन सुरक्षा सम्वंधी जानकारी दी गई ।तथा पैट्रोल पम्प पर आग लगने के कारणो व वुझाने की भी जानकारी दी गई । तथा आग लगने पर पैट्रोल पम्प पर उपलब्ध अग्नि शामक यन्त्रो को चलाने की व वुझाते समय सावधानी बरतने की भी जानकारी दी गई ।तथा कोराना को देखते हुए सरकार द्वारा दी गई गाइड लाइन के भी सुझाव दिये गये ।तथा साथ ही साथ सी.एफ.ओ ने पैट्रोल पम्प के कर्मचारियो को फायर स्टेशन के आपातकालीन टेलीफोन नंबरो की भी जानकारी दी गई । मौके पर उपस्थित प्रवन्धक श्री लाखन सिंह व स्टाफ रामकुमार शर्मा, यामीन, एस पी गुप्ता, आकाश, प्रवीन शर्मा, कप्तान सिंह आदि ने इस कार्य की काफी प्रशंसा एव सराहना की ।

## सकरौली पुलिस एवं एसएसटी टीम द्वारा चेकिंग के दौरान बरामद किए 4,93,000 रूपये



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- आगामी विधान सभा चुनावों के दृष्टिगत शान्ति-व्यवस्था एवं चेकिंग में लगी थाना सकरौली क्षेत्र की एसएसटी टीम और थाना पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा इसौली चौराहे पर चेकिंग के दौरान संदिग्धता के आधार पर एक होंडा अमेज गाड़ी संख्या क्र 80 CY- 6952 में सवार दो व्यक्तियों के पास से ? 4,93,000 बरामद किये गये हैं। उक्त व्यक्तियों से बरामद रुपयों के सम्बन्ध में पूछा गया तो वह संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। पुलिस पूछताछ के बाद अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

## जिला अधिकारी एटा अभी निर्वाचन अधिकारी ने 20-2-2022 को फर्जी मतदान रोकने की भरी हूकार



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- आगामी विधान सभा चुनाव 2022 के तृतीय चरण के चुनाव हेतु जनपद के सभी मतदान केन्द्रों पर लगे पुलिस फोर्स जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट व केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल को जिलाधिकारी एटा व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा द्वारा किया गया ब्रीफ । आज दिनांक 18.2.2022 को जिलाधिकारी एटा श्री अंकित अग्रवाल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शकर सिंह द्वारा जनपद में दिनांक 20.02.2022 को तृतीय चरण में होने वाले विधान सभा चुनाव की ड्यूटी में लगे जोनल अधिकारी, सेक्टर अधिकारी व जनपद के पुलिस अधिकारी कर्मचारी तथा बाहर से आये केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल के अधिकारी एवं गैर जनपद से आये पुलिस बलों की ब्रीफिंग की गयी। ब्रीफिंग के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा द्वारा सभी पुलिस कर्मियों को कल दिनांक 19.02.2022 को प्रातः 06.30 मण्डी समिति एटा पर पहुँचकर मण्डी समिति से रवाना होने वाली पोलिंग पार्टियों के साथ अपने अपने मदतान केन्द्रों के लिए बसों के माध्यम से रवाना होने के लिए निर्देशित किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा द्वारा समस्त पुलिस बल को पुलिस लाइन परिसर में एकत्र कर चुनाव आयोग द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों से अवगत कराया। अनुशासन में रहकर अपनी-अपनी ड्यूटी को पूरी निष्ठा के साथ करने की हिदायत दी जिससे कि निष्पक्ष व निर्विघ्न मतदान संपन्न हो सके। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा द्वारा सभी कर्मचारियों को अपने कर्तव्यों का अच्छी तरीके से निर्वहन करने के लिए आदेशित किया, साथ मतदान समाप्ति के बाद श्रङ्करूको स्ट्रॉन्ग रूम में जमा कराने के उत्तरदायित्व के बारे में भी निर्देश दिए। साथ ही साथ कोविड-19 के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इससे सुरक्षा एवं बचाव के लिए सभी लोगों को मास्क, सेनेटाइजर का प्रयोग करने व सतर्क रहकर ड्यूटी करने का निर्देश दिया। कोविड-19 से सुरक्षा एवं बचाव के लिए सभी अधिकारी व कर्मचारियों को फेसशील्ड, मास्क, सैनिटाइजर वितरित किया गया। इस दौरान बाहर से आये केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल के अधिकारी गण सहित अपर पुलिस अधीक्षक एटा श्री धनंजय सिंह कुशवाहा, क्षेत्राधिकारी नगर श्री कालू सिंह एवं क्षेत्राअधिकारी लाइन श्री राघवेंद्र सिंह राठौर, प्रतिसार निरीक्षक हरपाल सिंह एवं चुनाव सेल प्रभारी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने पोलिंग पार्टियों के बूथ पर पहुंचने पर जलपान एवं भोजन के प्रबंध कराने के दिए निर्देश

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-एटा विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 में मतदान कर्मियों को मतदान दिवस पर भोजन एवं सूक्ष्म जलपान उपलब्ध कराए जाने हेतु जिलाधिकारी /जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में जनपद के सभी मतदान केंद्रों पर मतदान कर्मियों को दिनांक 19/2/2022 तथा 20/2/2022 को उनके निजी व्यय और मांग पर विद्यालयों में कार्यरत रसोइयों द्वारा निर्धारित निम्न मीनू के अनुसार चाय/ भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। चाय+बिस्कुट कीमत 10 रात्रि भोजन 7:00pm- जिसमें रोटी/पूरी दाल चावल सब्जी ( आलू टमाटर मटर )एवं सलाद कीमत 50 नाश्ता 6:00 a.m. दिनांक 20 फरवरी 2022 चाय कीमत 5 दूसरा नाश्ता 10:00 a.m. चाय ब दो आलू के पराठे कीमत 30 मध्यान भोजन 1-00श्चद्ब रोटी/ दाल चावल सब्जी ( आलू टमाटर मटर ) एवं सलाद कीमत 50 शाम 3:00 बजे चाय कीमत 5 सायं 5:00 बजे चाय+ बिस्कुट कीमत 10

## तीसरे चरण के मतदान के लिए आज पोलिंग पार्टियां पहुंचीं मतदान केंद्रों पर

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- जनपद एटा में 1176 मतदान केंद्र बनाए गए हैं जिनके 1642 बूथों पर होगा मतदान। जनपद की 4 विधानसभा सीटों में 12 लाख 81 हजार 192 मतदाता चुनेंगे अपना प्रतिनिधि। जिसमें महिला मतदाताओं की संख्या 588809 है वहीं पुरुष मतदाताओं की संख्या 692383 है। जनपद एटा में बनाए गए 1642 बूथों पर विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 सकुशल संपन्न कराने हेतु 65 कंपनी पैरामिलिट्री फोर्स और लवर 8000 पुलिस के जवान तैनात किए गए हैं। पोलिंग बूथों पर निगरानी के लिए लगाए गए हैं सीसीटीवी कैमरे।

## 26 दिन बाद अपहृत मासूम का जमीन से खोद कर निकाला शव



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-गाव के ही तीन आरोपियों ने अपहरण के बाद मासूम की हत्या को दिया अंजाम, पुरानी रंजिश को लेकर तीनो आरोपियों ने दिया घटना को अंजाम, आरोपियों ने हत्या कर गाव के जंगलों में दफना दिया मासूम का शव, एसएचओ अवधेश कुमार गौतम ओर पुलिस टीम ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा, 23 जनवरी को ट्यूशन के बाद आरोपियों ने अपहरण कर की थी निर्मम हत्या, आरोपियों की निशानदेही से मासूम के शव को ग्रामीणों के आगे किया बरामद, थाना इरादतनगर क्षेत्र के गाव हज्जुपुरा का पूरा मामला।

## मतदान दिवस 20 फरवरी को रहेगा जनपद में सार्वजनिक अवकाश

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- विधान सभा सामान्य निर्वाचन 2022 के तहत जनपद में 20 फरवरी को शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के लिए जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल द्वारा जनपद में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही जनपद में कोषागार एवं उप कोषागार भी बन्द रहेंगे।

## ग्राम पंचायत भवंरखोह के होनहार छात्र

## सत्यनारायण सिंह का एमबीबीएस में हुआ चयन

**बिना कोचिंग किए नीट की परीक्षा में 386 अंक प्राप्त किया**

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- ओड़गी - विकास खंड के दूरस्थ अंचल गांव भवंरखोह के होनहार छात्र सत्यनारायण सिंह का भारत रत्न स्वर्गीय शासकीय मेडिकल कॉलेज राजनंदगांव में एमबीबीएस के लिए चयन हुआ है । बिना कोचिंग किए नीट की परीक्षा में सत्यनारायण सिंह ने 386 अंक प्राप्त किया ।गौरतलब है कि सत्यनारायण सिंह शिक्षक हरकेशवर सिंह के सुपुत्र हैं छात्र ग्रामीण अंचल के होने के साथ ही सामान्य परिवार से आता है। एमबीबीएस में चयनित होने पर सूरजपुर कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह जिला पंचायत सीईओ राहुल देव व सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग के विश्वनाथ रेड्डी ने बधाई दिया व उज्जवल भविष्य की कामना की है । छात्र ने इस उपलब्धता के लिए अपने माता-पिता सहित एकलव्य विद्यालय शिवप्रसाद नगर के शिक्षकों को श्रेय दिया है जिनसे सदैव उचित मार्गदर्शन मिला। छात्र का चयन से उनके माता-पिता गुरुजनों सहित परिचितों में हर्ष व्याप्त है । छात्र के इस उपलब्धि के लिए ग्राम पंचायत भवंरखोह के सरपंच पति शुकुल सिंह ,राजधानी यादव, भाजयुमो मीडिया प्रभारी प्रियांशु यादव, व ग्रामीण जन बधाई देने छात्र के घर पहुंचे ।

## संगीनों के साए में महफूज़ हैं ईवीएम

मनोज पटेल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



बदायूँ -मंडी समिति परिसर में बनाए गए स्ट्रांग रूम में ईवीएम संगीनों के साए में महफूज़ हैं। असलहों से लैस बीएसएफ के जवान 24 घंटे स्ट्रांग रूम की निगरानी कर रहे हैं। सुरक्षा चक्र के मुताबिक स्ट्रांग रूम के आसपास परिंदा भी पर नहीं मार सकता। इसलिए मजिस्ट्रेट की भी शेडयूल के मुताबिक ड्यूटी लगाई गई है। वरिष्ठ अधिकारी भी मतगणना होने तक मंडी समिति का दौरा करते रहेंगे। सीसीटीवी कैमरे से भी ईवीएम की सुरक्षा की निगरानी की जा रही है। विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 की मतगणना 10 मार्च को होगी। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के मद्देनजर पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। शनिवार को जिला निर्वाचन अधिकारी दीपा रंजन ने एसपी आरए सिद्धार्थ वर्मा एवं सीओ सिटी आलोक मिश्र व सम्बंधित अधिकारियों के साथ मंडी समिति परिसर में बने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था को परखा। डीईओ ने कंट्रोल रूम में बैठे प्रत्याशियों के प्रतिनिधियों के पहचान पत्र चेक करते हुए निर्देश दिए हैं कि कंट्रोल रूम में बैठने वाले व्यक्तियों के आने-जाने का समय पंजिका में अंकित किया जाए। उन्होंने व्यवस्थाओं को दुरुस्त बनाए रखने के निर्देश दिए हैं, जिससे ईवीएम की सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कोई कोताही नहीं बरती जाए। जिलाधिकारी ने मंडी समिति का भ्रमण किया और व्यवस्थाओं को देखा। इसके साथ ही उन्होंने प्रत्येक विधानसभा का स्ट्रांगरूम, मतगणना स्थल और लोगों के आने-जाने तथा मीडिया को बैठने की व्यवस्थाओं की रूपरेखा तैयार की।

## महाविद्यालयों में धार्मिक वस्त्रों पर प्रतिबंध, नोटिस चस्पा

शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ़ - हिजाब को लेकर छिड़े विवाद में डीएस कॉलेज में उठे मसले को लेकर शहर के तीन एडेड महाविद्यालयों ( वार्ष्णेय, डीएस और टी.आर कन्या महाविद्यालय ) में प्राचार्यों की ओर से साफ आदेश जारी किया गया है कि प्रत्येक छात्र को यूनिफार्म कोड का पालन करना होगा। डीएस कालेज परिसर में इस संबंध में नोटिस भी चस्पा कर दिए गए। इसमें साफ लिखा है किसी भी प्रकार के धार्मिक वस्त्रों को पहनकर आने वाले विद्यार्थियों को परिसर में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। छात्राओं के लिए कॉमन रूम भी तैयार करा दिया गया है।

## बघेल सरकार को घेरने भाजपा ने बनाई रणनीति

रामचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




सूरजपुर- दतिमा मोड़- भारतीय जनता पार्टी मंडल भटगांव के स्थानीय हनुमान मंदिर प्रांगण में भाजपा पदाधिकारियों, मोर्चा प्रकोष्ठ और शक्ति केंद्र संयोजक-सहसंयोजक, पोलिंग बूथ अध्यक्ष, पालक, प्रभारियों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने और आजीवन समर्पण निधि जैसे अनेक विषय पर चर्चा की गई। भाजपा मंडल अध्यक्ष सुभाष राजवाड़े ने यह बैठक ली है। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री रमेश गुप्ता के द्वारा किया गया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष सुभाष राजवाड़े ने कहा कि आगामी बूथ में दौरा की जानी है जिसमें प्रधानमंत्री के द्वारा जनहित में किए जा रहे योजना पर चर्चा प्रचार-प्रसार, आवास, जन-धन योजना, स्वच्छता अभियान, किसान सम्मान निधि, आयुष्मान योजना, निशुल्क राशन मन की बात कार्यक्रम एवं स्थानीय समिति की बैठक योजना विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव परिणाम भाजपा की मतों का तुलना तथा संबोधित करते हुए बताया कि बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं को जोड़ने व संगठन को मजबूत बनाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों को भाजपा की नीतियों, कार्यक्रमों, गतिविधियों आदि से अवगत करवाया तथा संगठन से जुड़कर उसे मजबूत करने की बात कही। उन्होंने पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ भी बैठकें ली तथा एकजुट होकर संगठन को मजबूत बनाने, बूथ स्तर पर सदस्य बनाने पात्र व्यक्तियों तक उसका लाभ पहुंचाने का आह्वान किया। बैठक के बाद महामंत्री रमेश गुप्ता बताया कि माइक्रो डोनेशन, आजीवन निधि, सोशल मीडिया और संगठन को मजबूत करने के लिए बूथ को मजबूत करने की जरूरत जैसे तमाम विषयों पर समीक्षा की गई है।

### सरकार जेब भरने में मस्त, कार्यकर्ता बनाने में फेल- सुभाष राजवाड़े

ऐसा पहली बार हो रहा है कि 3 साल में ही कांग्रेस से उनके कार्यकर्ताओं और जनता दोनों का मोहभंग हो गया है। अगर सरकार में होने के बाद लोग सदस्य नहीं बन रहे हैं तो यह दुर्भाग्य जनक है। यह सरकार और कांग्रेस पार्टी की विफलता है। इस दौरान मुख्य रूप से उपस्थित सुरजन राजवाडे, रमेश गुप्ता, अशीष बाजपाई, भाजयुमो उपाध्यक्ष अनूप जायसवाल, सोनामती, जगरेलाल यादव, देवेंद्र गुप्ता, दिनेश सिंह, सुरेश पाटले, सवामी राजवाड़े, महरजिया सिंह, हीरा सिंह, करण सोनवानी, बीरेंद्र गुप्ता, मोनू सिंह, बिहारी, शिवनाथ पैकरा, राजेन्द्र पाटले, संजय पाटले, जय प्रकाश, भिरगू राजवाडे शैलेन्द्र, विजय, राकेश व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आठ साल बाद जाकर निपटा जमीन विवाद

शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ़ - हरदुआगंज के अन्तर्गत आने वाले गुरसिकरन की 634 एकड़ जमीन पर चला आ रहा विवाद अब आठ साल बाद जाकर खत्म हुआ। इस जमीन पर पशुधन विभाग का कब्जा रहेगा। वन विभाग 0.4 घनत्व आकार के पेड़ों को चिन्हित कर ग्रीनबेल्ट विकसित करेगा। जिसपर शासन स्तर से कृषि उत्पादन आयुक्त के नेतृत्व में इस पर कमेटी गठित की गई है। आरोप था कि 200 एकड़ में स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी, करीब 100 एकड़ जमीन एडीए आवास योजना व शेष जमीन अन्य योजनाएं सपा सरकार में आरक्षित की गई थी। जिसमें बड़ी मात्रा में पेड़ काट जा रहे थे, जो पर्यावरण के लिए ठीक नहीं था। कहा गया था कि यह जमीन सीडीएफ की है।

## निर्वाचन से संबंधित शिकायत कन्ट्रोलरूम नम्बर पर दर्ज कराएं-डिप्टी डीईओ

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने सूचित किया है कि विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 के तहत जनपद की चारों विधानसभा क्षेत्र 103-अलीगंज, 104-एटा, 105-मारहरा, 106-जलेसर के 1643 बूथों पर 20 फरवरी को पूर्वान्ह 7 बजे से सांय 6 बजे तक मतदान होगा। निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु जनपद मुख्यालय पर कन्ट्रोलरूम का संचालन किया जा रहा है, जिसका नम्बर 1950, 05742-233312, 233315, 233316, 233317 है। कन्ट्रोलरूम के प्रभारी अपर उप जिलाधिकारी कुलदेव सिंह हैं। निर्वाचन से सम्बन्धी किसी भी प्रकार की समस्या होने पर इन नम्बरों पर सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

ऑफर

आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में संपर्क करे-

9027776991

ताजा अपडेट के लिए देखे

WWW.KNLSIVE.COM